524

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ, गाजियाबाद।

पत्रांक 331/मास्टर प्लान/जोन-3 दिनांक 25-09-2023

"सार्वजनिक सूचना"

एतद् द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अभिनव सिन्हा एवं गुरदीप कौर द्वारा खसरा संख्या– 2537, 2539 व 2540 क्षेत्रफल 1520.00 वर्ग मी0 ग्राम डासना, गाजियाबाद के ग्रीन बेल्ट/कृषि भू–उपयोग की भूमि पर पैट्रोल पम्प हेतु मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। गाजियाबाद महायोजना–2021 के जोनिंग रेगुलेशन के प्रांविधानों के अनुसार ग्राम डासना के खसरा संख्या– 2537 कृषि, 2539 कृषि व 2540 45 मी0 चौडें एन.एच.–24 के मार्गाधिकार के उपरान्त 60 मी0 चौड़ी ग्रीन बैल्ट के अन्तर्गत आंशिक भाग ग्रीन बैल्ट एवं तदोपरान्त कृषि भू–उपयोग के अन्तर्गत प्रदर्शित है। गाजियाबाद महायोजना–2021 की जोनिंग रेगुलेशन के प्राविधानों के अनुसार कृषि भू–उपयोग के अन्तर्गत 12 मी0 चौडे विद्यमान पर सशर्त अनुमन्य है एवं ग्रीन बैल्ट भू–उपयोग के अन्तर्गत पैट्रोल पम्प क्रिया विशेष अनुमति से सशर्त अनुमन्य है। ऐसी क्रिया की अनुमति से पूर्व जन–सामान्य से एक माह हेतु आपत्ति/सुझाव प्राप्त किये जाने का प्राविधान जोनिंग रेगुलेशन में निहित है। उक्त के दृष्टिगत प्रस्तुत मानचित्र की स्वीकृति से पूर्व जन–सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाते है यदि कोई व्यक्ति/संस्था उक्त के सम्बन्ध में अपनी कोई आपत्ति/सुझाव देना चाहे तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव कार्यालय, मुख्य वास्तुविद एवं नगर नियोजक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त समयावधि के उपरान्त के प्राप्त होने वाले किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नही किया जा सकेंगा।

उपाध्यक्ष 20/9/23

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण